## अयोध्या, वाराणसी समेत सभी धार्मिक शहरों में आएंगी योजनाएं

# यूपी के रियल एस्टेट में होगा 17 हजार करोड़ का निवेश

**जीबीसी-5**

■ शैलेंद्र श्रीवास्तव

**लखनऊ।** यूपी में रियल स्टेट के क्षेत्र में 16865 करोड़ रुपये के निवेश से लोगों को आवासीय व व्यवसायिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आवास विभाग ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-5) के लिए निवेश के प्रस्ताव तैयार करने में जुट गया है। अभी और प्रस्ताव प्राप्त होंगे, इससे निवेश बढ़ सकता है। निवेश से छोटे से लेकर बड़े शहरों में योजनाएं लाने की तैयारी है। खासकर धार्मिक शहरों अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी और चित्रकूट में बिल्डरों ने योजनाएं लाने की इच्छा जाहिर की है।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में जीबीसी-5 के लिए निवेश के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया है कि विकास प्राधिकरण देख लें कि कितने प्रस्ताव और प्राप्त हो सकते हैं। इसके आधार पर निवेश की योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाए। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान निवेश का प्रस्ताव देने वाले बिल्डरों के साथ करार किया जाएगा।



### कुछ निवेश प्रस्ताव

| शहर | निवेश (रुपये) |
|---|---|
| मेरठ | 1191.19 करोड़ |
| गाजियाबाद | 8350 करोड़ |
| बरेली | 1778 करोड़ |
| गोरखपुर | 1515 करोड़ |
| अयोध्या | 427 करोड़ |
| प्रयागराज | 3114 करोड़ |
| कानपुर | 4416 करोड़ |

### आवास मिलने के साथ मिलेगा रोजगार

बिल्डरों के यूपी में निवेश करने से जहां लोगों को मनचाहे स्थानों पर मकान मिलेगा, वहीं इससे रोजगार के द्वार भी खुलेंगे। नक्शा पास करने के साथ ही अन्य जरूरी प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी, जिससे योजनाएं जल्द धरातल पर उतर सके। शहरी क्षेत्रों में छोटे से लेकर बड़े मकान की काफी मांग है। इसीलिए रियल स्टेट सेक्टर में निवेश की काफी संभावना रहती है। प्रदेश के धार्मिक शहरों में भी काफी संख्या में योजनाएं आ रही हैं। विकास प्राधिकरणों को निर्देश दिया गया है कि जीबीसी-5 में शामिल की जाने वाली परियोजनाओं का रेरा अप्रूवल अनिवार्य रूप से चेक किया जाएगा।